भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 623

जिसका उत्तर 25.07.2024 को दिया जाना है

तमिलनाडु में फीस प्लाज़ा

623. श्री जी. सेल्वमः

श्री सी. एन. अन्नादुरईः

श्री नवसकनी के.:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्गों पर वर्तमान में कितने फीस प्लाजा कार्यरत हैं;

(ख) तमिलनाडु में यातायात प्रवाह में दक्षता और न्यूनतम व्यवधान सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर फीस प्लाजाओं पर फीस संग्रहण के प्रबंधन और इष्टतम वसूली के लिए उठाए जा रहे विशिष्ट कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात और यात्रियों की सुविधा पर फीस प्लाजा के प्रभाव का कोई आकलन/समीक्षा की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्गों पर फीस प्लाजाओं के नेटवर्क का विस्तार अथवा इष्टतम उपयोग करने का विचार है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्गों पर वर्तमान में कुल 68 प्रयोक्ता शुल्क प्लाजा कार्य कर रहे हैं।

(ख) राष्ट्रीय राजमार्गों पर प्रयोक्ता शुल्क लागू शुल्क नियमों के प्रावधानों के अनुसार संग्रहित किया जा रहा है।

एनएचएआई ने एक विशिष्ट कदम के रूप में तमिलनाडु के शुल्क प्लाजा की सभी लेनों में फास्टैग के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रहण (ईटीसी) प्रणाली लागू की है, ताकि यातायात प्रवाह में दक्षता और न्यूनतम व्यवधान सुनिश्चित करने के लिए शुल्क संग्रहण को प्रबंधित और इष्टतम किया जा सके।

(ग) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा परामर्शदाता के माध्यम से तमिलनाडु में पल्लीकोंडा और नामेली (श्रीपेरंबदूर) शुल्क प्लाजा सहित 25 प्रतिनिधि नमूना प्रयोक्ता शुल्क प्लाजा पर फास्टैग के माध्यम से राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रहण (एनईटीसी) कार्यक्रम के लिए एक राष्ट्रव्यापी प्रभाव आकलन अध्ययन किया गया था। उपरोक्त अध्ययन के निष्कर्ष दर्शाते हैं कि ईटीसी प्रणाली को लागू करने के बाद, वित्तीय वर्ष 2022 के लिए शुल्क प्लाजा पर औसत प्रतीक्षा समय 734 सेकंड से घटकर 47 सेकंड हो गया है।

(घ) जी, नहीं। लागू राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियमों और संबंधित रियायत समझौते के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्गों पर शुल्क प्लाजा स्थापित किए जाते हैं।

*****